हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 14 जनवरी 2026

06 स्वामी विवेकानंद केवल एक संन्यासी...



07 जन सुनवाई में नवाचार, अब जन के साथ जल की भी...





**खबर संक्षेप**

### कपूरचंद बैसाखिया तहलका स्मृति समारोह 16 जनवरी को

**सागर।** नगर की समस्त साहित्यिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में स्व. कपूर चंद बैसाखिया तहलका की स्मृति में काव्यांजलि, महफ़िले-अदब-2026 का आयोजन सरस्वती वाचनालय व पुस्तकालय के स्वराज भवन से 16 जनवरी दिन शुक्रवार को सुबह 11:00बजे से शाम 7:00बजे तक किया जाना है इस कार्यक्रम में नगर के युवा साहित्यकारों को मंच प्रदान करने का प्रयास किया गया है साथ ही मध्य प्रदेश के विभिन्न अंचलों के अलावा उत्तर प्रदेश से भी साहित्यकार इस आयोजन में शामिल हो रहे हैं। मुख्य अतिथि जयंत श्रीवास्तव, मायूस सागरी, पं.सुखदेव तिवारी होंगे।

### यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दी जा रही है प्राथमिकता

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर यात्रा कर रहे बरमान नर्मदा स्नान के लिए जाने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से घटना प्रबंधन टीम द्वारा लगातार सार्वजनिक घोषणाएँ की जा रही हैं, तथा सभी से सुरक्षा नियमों का पालन करने का अनुरोध किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के उद्देश्य से उनके हाथों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव बैंड लगाए जा रहे हैं तथा उनके वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप चिपकाई जा रही है। यह सभी प्रयास इसलिए किए जा रहे हैं, ताकि हाईवे पर उनकी यात्रा पूर्णतः सुरक्षित रहे और यातायात सुचारु एवं सुरक्षित बना रहे।

### प्राकृतिक खेती की राह अब होगी आसान

**सागर।** कलेक्टर सह अध्यक्ष आत्मा गर्वनिंग बोर्ड संदीप जी आर के निर्देशानुसार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बंडा के नेतृत्व एवं परियोजना संचालक आत्मा के मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती विषय पर विकासखंड स्तरीय कृषक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड बंडा के जनपद पंचायत सभागार मे किया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र देवरी डॉ. आशीष त्रिपाठी, तहसीलदार बंडा मोहित जैन, अनुविभागीय अधिकारी कृषि बंडा कुमुद बुनकर कोरी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बंडा यू.एस. अहिरवार, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक शैलेष पाण्डेय, निधि पाण्डेय, विभागीय कर्मचारी सहित 100 से अधिक कृषकों की उपस्थिति मे सपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों का स्वागत उपरांत वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती को विस्तार से किसानों के बीच में रखकर उदाहरण सहित जीवामृत, बीजामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र अग्निअस्त्र आदि के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। शैलेष पाण्डेय के द्वारा प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को मिट्टी नमूना लेने के तरीकों को विस्तार से बताया तथा हर खेत का मिट्टी परीक्षण कराने के लिए आग्रह किया। मोहित जैन ने शासन और सरकार की प्राकृतिक खेती के लिए बढ़ावा देने के उद्देश्यों की तारीफ करते हुए किसानों से आग्रह किया कि कम से कम अपने लिए किसान भाई प्राकृतिक खेती की शुरुआत करें। निधि पाण्डेय ने प्राकृतिक और जैविक खेती को विस्तार से समझाया और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और शासन के द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियानों के बारे में विस्तार से किसानों से चर्चा की। एसडीओ कृषि कुमुद ने नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग अंतर्गत किसानों की सक्रिय भागीदारी के लिए अनुरोध कर रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान की जानकारी विस्तार से दी। यू. एस.अहिरवार ने किसानों को विभागीय जानकारी से अवगत कराया तथा वर्तमान में शासन द्वारा खाद की उपलब्धता और उसे लेने के संबंध में ई टोकन प्रणाली की जानकारी किसानों के साथ साझा की।

**हाई रिस्क प्रेगनेंसी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, कलेक्टर ने दिए विशेष निगरानी के निर्देश**

## दफ्तर की फाइलों से गांव की पगडंडियों तक: हाई रिस्क माता की कुशलक्षेम जानने खुद उनके घर पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अक्सर अधिकारी निरीक्षण के लिए फाइलों और सड़कों को देखते हैं, लेकिन सागर कलेक्टर संदीप जी आर ने रहली के पिपरिया नरसिंह में मानवता की एक नई मिसाल पेश की। क्षेत्र के दौरे पर निकले कलेक्टर ने जब 'हाई रिस्क' गर्भवती माता श्रीमती कीर्ति गोंड के बारे में सुना, तो वे स्वयं उनके कुशलक्षेम जानने उनके पास जा पहुँचे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने एक अधिकारी की औपचारिकता छोड़कर एक बड़े भाई और अभिभावक की तरह कीर्ति गोंड से चर्चा की। उन्होंने न केवल उनके स्वास्थ्य कार्ड की जांच की, बल्कि आत्मीयता से पूछा भोजन में फल और दूध ले रही हो न? डॉक्टर जो दवा दे रहे हैं, उसे समय पर खाना।₹ कलेक्टर की इस सहजता ने कीर्ति गोंड और उनके परिवार को ढांढस बंधाया।



### नन्ही मुस्कान पर लुटाया दुलार

इस मुलाकात के दौरान एक बेहद खूबसूरत पल तब आया जब कीर्ति की पहली बेटी पास आकर खड़ी हो गई। कलेक्टर ने तुरंत उसे गोद में लेकर दुलारा और चॉकलेट भेंट की।

वहां उपस्थित ग्रामीणों और परिजनों को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि बेटियां घर का सौभाग्य होती हैं। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि बेटियां घर की शान होतीं हैं। उन्होंने कहा बेटियां घर की रौनक होती हैं, मान होती हैं। इनका सुरक्षित जन्म और बेहतर भविष्य हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### स्वास्थ्य अमले को 'अलर्ट मोड' पर रहने के निर्देश

निरीक्षण के अंत में कलेक्टर ने बीएमओ और स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सख्त निर्देश दिए कि कीर्ति गोंड जैसी सभी हाई रिस्क माताओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाए। प्रसव के समय 108 एम्बुलेंस की उपलब्धता में 1 मिनट की भी देरी न हो।

पौष्टिक आहार और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राही तक पहुंचे।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**सागर।** विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई के उपरांत कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी सागर अरविंद कुमार जैन, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सागर गिरीश मिश्रा एवं सहायक संचालक कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी रहली कु. स्वाति दुबे द्वारा रहली विकासखंड के शासकीय सांदिपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहली, कार्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी रहली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटना बुजुर्ग, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहली तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चनौआ बुजुर्ग का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में प्री बोर्ड परीक्षाऐं संचालित पाई गई एवं आगामी बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों से चर्चा की गई।



## युवा दिवस पर ग्राम केंकरा में हुई शराबबंदी

**गढाकोटा।** रहली विधानसभा के ग्राम केंकरा में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती (युवा दिवस) के अवसर पर समस्त ग्रामवासियों ने सामूहिक बैठक कर गाँव में समाज सुधार हेतु शराबबंदी का निर्णय लिया। गांव के सभी जाति समाज के लोगों ने गाँव के शिव मंदिर प्रांगण में सार्वजनिक बैठक कर शराबबंदी का फैसला किया। शराबबंदी के इस समाज सुधार कार्य में बड़ी संख्या में माता बहनों ने हिस्सा लिया। महिलाओं ने स्वयं पर हो रहे अत्याचार की व्यथा सुनाई। मायारानी अहिरवार ने बताया कि उसके घर में पति शराब पीकर रोज लड़ाई झगड़ा करते है। स्कूली छात्र- छात्राओं ने भी बताया पापा शराब पीकर आते हैं ओर झगड़ा करते है जिससे हमारी पढ़ाई भी नहीं हो पा रही है। गाँव में बिक रही अबैध शराब इसका मुख्य कारण है। गाँव के बुजुर्गों ने शराबबंदी को प्राथमिकता से लागू करने की बात कही। वहीं नशा मुक्ति अभियान में भगवती मानव कल्याण संगठन ने शराबबंदी करवाने में अपना अहम योगदान दिया। अबैध शराब मिलने से गाँव के छोटे छोटे बच्चे नशे की चपेट में आ रहे है। शराबबंदी में निर्णय लिया गया कि अब गाँव में जो व्यक्ति अबैध शराब बेचेगा उस पर 20000 का जुर्माना और शराब पीकर गाली गलौच करने वालों पर 5000 का अर्थदंड साथ ही पुलिस कार्यवाही की जायेगी। शराबबंदी के इस सामाजिक कार्य में अनेक ग्रामीण जनों ने अपने अपने विचार रखे जिनमें गोपाल बिलवार, कमलेश चौधरी,किशोरी लाल चौधरी, लीलाधर आचार्य, उप सरपंच दीपक कठोंदया, संतोष चौधरी, झुन्नीलाल प्रसाद, रमली तलैया वारे,सतीराम चौधरी,नीतेश कुर्मी,हल्ले भाई, रामायण मंडल के अनेक सदस्यों के साथ साथ गुल्ली अहिरवार,बिहारी अहिरवार सहित अनेक लोगों ने शराबबंदी के समर्थन में बात कही। उपस्थित सभी ग्रामवासियों ने खुलकर शराबबंदी का समर्थन किया। कार्यक्रम का संचालन रमेश कठोंदया ने किया। युवाओं द्वारा किए इस शराबबंदी की पहल का गाँव के बुजुर्गों ने सराहना की।



## खुरई को मिली आधुनिक सड़कों की सौगात

**सागर।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी (एमपीयूडीसी) द्वारा खुरई नगर में एकीकृत नगर विकास योजना (आईयूडीपी) अंतर्गत निर्मित प्रमुख सड़कों का लोकार्पण विगत दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया। इन सड़कों के प्रारंभ होने से खुरई नगर के नागरिकों को आवागमन, व्यापार, शिक्षा और आपातकालीन सेवाओं में पहले से कहीं अधिक सुविधा मिल रही है और पूरे शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। एमपीयूडीसी द्वारा अमर फैक्ट्री से जेल रोड तक 1.5 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 5 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इसके साथ ही थाना से मंडी बायपास तक 3.7 किलोमीटर सड़क 8 करोड़ रुपये की लागत से, बायपास से हनौता तक 3.2 किलोमीटर सड़क 4 करोड़ रुपये की लागत से, हनौता से हरदुआ तक 1.2 किलोमीटर सड़क 1.20 करोड़ रुपये की लागत से तथा हनौता से आलखेड़ी तक 0.7 किलोमीटर सड़क 55 लाख रुपये की लागत से निर्मित कर जनता को समर्पित की गई हैं। इन सड़कों के शुरू होने से खुरई नगर की यातायात व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार देखने को मिल रहा है। पहले जहां नागरिकों को खराब सड़कों, जाम और धूल-मिट्टी की समस्या झेलनी पड़ती थी, वहीं अब आवागमन तेज, सुरक्षित और निर्बाध हो गया है। मंडी, औद्योगिक क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और आवासीय क्षेत्रों तक पहुंच अब कहीं अधिक सरल और तेज हो गई है, जिससे आम लोगों का समय और ईंधन दोनों की बचत हो रही है। नई सड़कों से स्थानीय व्यापार को मजबूती मिली है और बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी है। भारी वाहनों के लिए बायपास मार्ग उपलब्ध होने से शहर के अंदर ट्रैफिक का दबाव कम हुआ है और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आई है। बेहतर सड़क नेटवर्क के कारण खुरई नगर में निवेश और विकास की संभावनाएं भी बढ़ी हैं, जिससे नगर की अर्थव्यवस्था को नई गति मिल रही है। एमपीयूडीसी और नगर पालिका परिषद खुरई द्वारा किए गए ये कार्य खुरई को एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक नगर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं और आने वाले वर्षों में इनका लाभ नगरवासियों को लगातार मिलता रहेगा।

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अध्ययन के साथ-साथ खेलों का संतुलित समन्वय अत्यंत आवश्यक है: डा नीरज दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों में उमंग व उत्साह के साथ तनाव कम करने के लिए आयोजित युवा दिवस वार्षिक एवं सांस्कृतिक-खेल उत्सव 2025-26 प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता की अध्यक्षता एवं कुशल मार्गदर्शन मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर सबसे कम गति में स्कूटर एवं मोटरसाइकिल चलाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई साथ ही कुर्सी दौड़ गोला फेंक के साथ स्वामी विवेकानंद के चरित्र पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रस्सा कशी प्रतियोगिता का खूब आनंद लिया। कार्यक्रम के समापन दिवस में महाविद्यालय परिसर में बैडमिंटन, शतरंज एवं टेबल-टेनिस की प्रतियोगिताएँ पुरुष एवं महिला वर्ग में कर्मचारियों तथा समस्त विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा सागर संभाग, डॉ. नीरज दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आरके गोस्वामी विशेष कर्तव्यस्त अधिकारी तथा डॉ भावना यादव ओएसडी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. नीरज दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अध्ययन के साथ-साथ खेलों का संतुलित समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि केवल पुस्तकीय ज्ञान से ही जीवन में सफलता नहीं मिलती, बल्कि खेलों से व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता का भी विकास होता है। खेल विद्यार्थियों को अनुशासन, सहयोग और प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना सिखाते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में संतुलन बनाए रखें, निरंतर परिश्रम करें और हर परिस्थिति में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएँ। यही गुण उन्हें भविष्य में एक सफल और जिम्मेदार नागरिक बनाएँगे।

प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग हैं। उन्होंने बताया कि खेल केवल मनोरंजन या प्रतियोगिता तक सीमित नहीं होते, बल्कि यह व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से शरीर स्वस्थ, सक्रिय और ऊर्जावान रहता है, जिससे व्यक्ति अपने दैनिक कार्यों को बेहतर ढंग से कर पाता है। उन्होंने यह भी कहा कि खेल अनुशासन, समय-प्रबंधन और आत्मसंयम सिखाते हैं। टीम खेलों के माध्यम से सहयोग, आपसी समझ और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाने में सहायक होती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रंजना मिश्रा, डॉ. गोपा जैन, डॉ. विनय कुमार शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. इमराना सिद्दीकी भी मंचासीन रहे।टेबल-टेनिस कर्मचारी पुरुष वर्ग में शैलेन्द्र शर्मा प्रथम और देवकृष्ण नामदेव द्वितीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में डॉ. इमराना सिद्दीकी प्रथम और साक्षी पांडे द्वितीय स्थान पर रहीं। छात्रों में कैलाश सिंह लोधी प्रथम और आकाश सूर्यवंशी द्वितीय स्थान पर रहे।



## विधानसभा स्तरीय 7 दिवसीय फिजिकल प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**गढाकोटा।** युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की 163 वीं जयंती के पावन अवसर पर गढ़ाकोटा के गोपाल जी खेल परिसर स्थित सरदार पटेल खेल स्टेडियम में विधानसभा स्तरीय 7 दिवसीय फिजिकल प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ अभिषेक भार्गव ने किया। इस अवसर पर भार्गव ने कहा कि यह प्रयास ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने एवं राष्ट्रसेवा हेतु सक्षम,अनुशासित और सशक्त युवा तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम है।इस शिविर के माध्यम से सरदार पटेल खेल स्टेडियम,गढ़ाकोटा में अनुभवी कोच एवं खेल प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न भर्तियों हेतु उच्च स्तरीय शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।प्रशिक्षण के अंतर्गत दौड़,लंबी कूद,गोला फेंक सहित भर्ती से संबंधित सभी आवश्यक विधाओं का अभ्यास कराया जाएगा।साथ ही सभी प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रतिदिन पौष्टिक आहार एवं दूध की समुचित व्यवस्था भी की गई है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि पं. गोपाल भार्गव द्वारा आयोजित होने वाला यह निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर प्रतिभागियों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। जहाँ अनुभवी विशेषज्ञ ट्रेनर्स,पुलिस एवं सेना के अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों को उत्तम शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिससे प्रतिभागियों को पुलिस,वनरक्षक,आर्मी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं का फिजिकल पास करने में काफी आसानी जाती है, हम सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते है। इस अवसर भारतीय सेना से सेवानिवृत्त प्रहलाद सिंह,अवधेश प्रताप राजपूत,वीरेंद्र सिंह सोलंकी, कुंवर सिंह राजपूत,थाना प्रभारी शिवम दुबे सहित अन्य गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**भाजपा की 'मनरेगा' विरोधी नीतियों का होगा खुलासा: भूपेंद्र सिंह मुहास**

## कांग्रेस संगठन में अब क्वांटिटी नहीं, क्वालिटी पर रहेगा जोर: राष्ट्रीय सचिव रणविजय सिंह लोचव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश के सह-प्रभारी रणविजय सिंह लोचव ने अपने संगठनात्मक प्रवास के दौरान सागर में कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। नरयावली विधानसभा क्षेत्र के मकरोनिया स्थित जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी अब कागजी नियुक्तियों के बजाय धरातल पर मजबूत और निष्ठावान संगठन खड़ा करने पर केंद्रित है। बैठक की अध्यक्षता जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने की।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रणविजय सिंह ने कहा कि पहले संगठन का काम कागजों पर अधिक होता था, जिसे अब बदलना होगा। उन्होंने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि यदि गांव, वार्ड या मंडल में योग्य व्यक्ति न मिले तो पद खाली रहने दें, लेकिन परिश्रम कर सही और निष्ठावान व्यक्ति की ही तलाश करें। उन्होंने जोर देते हुए कहा, हमें संख्या नहीं, बल्कि गुणवत्ता चाहिए। भले ही संगठन छोटा हो, लेकिन वह समर्पित और संतुष्टि देने वाला होना चाहिए। उन्होंने स्थानीय नेताओं से सक्रिय कार्यकर्ताओं को पहचान कर जिम्मेदारी सौंपने को कहा। बुंदेलखंड की राजनीतिक संभावनाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि सागर में कांग्रेस के पास काफी पोटेंशियल है और सही रणनीति से यहाँ शानदार परिणाम लाए जा सकते हैं।

बैठक में जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने प्रभावी ढंग से अपनी बात रखते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना के नाम और स्वरूप को बदलने का जो प्रयास किया जा रहा है, कांग्रेस उसका पुरजोर विरोध करेगी। उन्होंने कहा, भाजपा गरीबों के हक पर प्रहार कर रही है। पार्टी द्वारा तैयार पैम्फलेट्स को हम गांव-गांव और घर-घर तक ले जाएंगे ताकि जनता के बीच सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर किया जा सके₹।

बैठक के पश्चात रणविजय सिंह ने विधान सभा वार एक-एक कर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे स्थानीय कार्यकर्ताओं के अनुभव और फीडबैक के आधार पर ही संगठन की रूपरेखा तय करेंगे, ताकि धरातल पर पसीना बहाने वाले कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित मान-सम्मान मिल सके।

इस अवसर पर शहर जिलाध्यक्ष महेश जाटव, नरयावली विधानसभा प्रभारी ठाकुर लक्ष्मण सिंह पथरिया, पं. संतोष पांडे, पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी, नारायण प्रजापति, प्रदेश महामंत्री रेखा चौधरी, नीरज शर्मा, ज्योति पटेल, सुरेंद्र सुहाने, बुंदेल सिंह बुंदेला, आशीष ज्योतिषी, शैलेन्द्र तोमर, अमितरामजी दुबे, राजकुमार सिंह धनोरा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप चौधरी, ठाकुर रणवीर सिंह,पूर्व जनपद अध्यक्ष आंचल आठ्या, पार्षद रिचा गोड़, सीमा चौधरी, अजय अहिरवार,प्रदेश प्रवक्ता डॉं संदीप सबलोक, अभिषेक गौर आर आर पाराशर, देवेंद्र तोमर, गीता कुशवाहा, मनोज पवार, अशोक कुशवाहा विजय पाराशर सत्येंद्र मोहन दुबे उपस्थित थे।



## 23वां सवा करोड़ लेखन जप प्रारम्भ

**सागर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सिरोंजा परिसर स्थित मंदिर में विराजमान सिद्ध श्री संकटमोचन सरकार की प्रेरणा एवं विशेष कृपा से क्षेत्र वासियों के द्वारा श्री सीताराम नाम लेखन की शुरुआत अप्रैल सन 2012 से हुई थी जो वर्तमान में भी अनवरत जारी है। उक्त जानकारी जारी प्रेस विज्ञप्ति में श्री सीताराम नाम बैंक जिला शाखा हनुमान दुर्गा भैरव धाम मंदिर के सहव्यावस्थापक पंडित बृजेश द्विवेदी ने बताई । द्विवेदी ने आगे बताया कि 2012 से अभी तक भक्तों के द्वारा 22 बार सवा करोड़ सीताराम नाम लेखन किया जा चुका है उसी क्रम में आज दिनांक 13/01/26 को हनुमान दुर्गा भैरव धाम स्थित सीताराम नाम बैंक में मंदिर के पुजारी एवं बैंक मैनेजर श्री गोपाल शर्मा ने पूर्ण विधि विधान के साथ 23 वा सवा करोड़ श्री सीताराम नाम लेखन प्रारंभ करवाया जिस हेतु देवरी कला निवासी श्री शैलेंद्र द्विवेदी ने पूर्व में ही अपने स्वर्गीय पिता भगवत शरण द्विवेदी की पूण्य स्मृति में 23वा सवा करोड लेखन जप हेतु लगने वाली 600 कॉपियां मंदिर में उपलब्ध करा दी थी । लेखन जप प्रारंभ होने के पूण्य अवसर पर रामरतन तिवारी,बलराम सेन, राहुल मिश्रासोनू, नमन द्विवेदीराम लला,लक्ष्मी सेन, निर्मला पटेल, मालती मिश्रा, ऊर्मिला मिश्रा ,नीरा तिवारी, रामकाली शर्मा, रामप्रभा तिवारी, अरूणा तिवारी, साबित्री दीषित, मनोरमा मिश्रा,चन्दा उपाध्याय, शुषमा पटेल ,शीला पटेल, रामदेवी शर्मा,अंशुल सेन सहित 50 की गिनती में महिला एवं पुरूष लेखन प्रेमियो ने अपने इस पुण्य कार्य में उपस्तिथी दर्ज करी ।

## खबर संक्षेप



### फार्मा पार्क का निरीक्षण किया, पौधे रोपे

**ललितपुर।** सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार करने हेतु मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीसीडा विजय किरन आनंद द्वारा फार्मा पार्क की समीक्षा एवं स्थल निरीक्षण कर वहां पौधरोपण किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा कार्यो को गुणवत्तापूर्वक ससमय पूर्ण किये जाने हेतु संबंधित विभागो को निर्देशित किया। भारत सरकार की संस्था राईट्स लिमिटेड को प्रत्येक माह कार्यो की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिये गये। जनमानस तथा स्थानीय युवाओं को ध्यान में रखते हुऐ कौशल विकास केन्द्र में प्रशिक्षण दिये जाने हेतु संबंधित शिक्षण संस्थानों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त फार्मा पार्क को रेल मार्ग एवं हवाई मार्ग से जोडने हेतु संबंधित विभागो से समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सत्यप्रकाश, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, महाप्रबन्धक पी.के.कौशिक, क्षेत्रीय प्रबन्धक संदीप कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक सत्यपाल, उपजिलाधिकारी मड़ावरा व महरौनी, एवं लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम (ग्रामीण) आदि के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### स्थापना दिवस पर सहकार भारती का आयोजन

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम रजवारा में सहकार भारती उ.प्र. के 48 वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही साथ स्वामी विवेकानंद जयंती भी मनाई गई। अतिथि के रूप में सहकार भारती विभाग संयोजक झांसी विभाग अंचल अरजरिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मेंद्र गोस्वामी, डी.सी.एफ.डी. अध्यक्ष झांसी ललितपुर बसंती लारिया, प्रकोष्ठ प्रमुख सहकार भारती डीसीबी सुरेश यादव, सुरेंद्र पस्तोर प्रदेश सह एफपीओ प्रकोष्ठ प्रमुख, अविनाश दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला महामंत्री कुंजबिहारी शर्मा, धर्मसिंह कुशवाहा, मथुरा प्रसाद सोनी, शुभम जैन, रामनिवास नामदेव, अवधेश नामदेव, कृष शर्मा, महेंद्र नामदेव, महेंद्र कुशवाहा, सत्यम सिंघई, रिया पटेल, रवि पाराशर, दीपक शुक्ला, सुनील जैन, रवि जैन, दीप्ति राजे, सावित्री, रामकली, गुडिय़ा राजा, कमला, विमला, अर्चना, शिवानी, शालिनी, किरन, सविता, सोना, पूजा, पुष्पा, राजकुमारी, पुष्पा, चमेली, सीमा, लाडो, चांदनी, अंकिता, पूजा, वंदना, खुशी, रश्मि, सुनीता देवी, पूजा देवी, प्रदीप बाजपेई, राजेश साहू आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विभूतिभूषण चौरसिया एवं संचालन जिला सह संगठन प्रमुख दिनेश कुमार नायक ने किया।

### राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश जारी

**विदिशा।** जिले में राजस्व वसूली की प्रगति तेज करने के उद्देश्य से संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी मोहनी शर्मा ने सभी तहसीलदारों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली से संबंधित समस्त जानकारी प्रतिदिन शाम 5 बजे तक अनिवार्य रूप से गूगल शीट में अपडेट की जाए, ताकि जिला स्तर पर नियमित निगरानी हो सके। निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक तहसील में विशेष अभियान चलाकर बकाया मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रगति की नियमित समीक्षा होगी तथा लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### आंगनबाड़ी में संख्या बढ़ाने का अभियान शुरू

**विदिशा।** जिले की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में जनसंख्या के अनुपात में पात्र हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 12 जनवरी से 20 जनवरी तक विशेष राज्य स्तरीय अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का अनिवार्य रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकन किया जाएगा।

### कचहरी परिसर में धूमधाम से मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

# स्वामी विवेकानंद केवल एक संन्यासी नहीं बल्कि आधुनिक भारत के निर्माता थेः लोधी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कचहरी परिसर में आध्यात्मिक गुरु और युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल लोधी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने स्वामी के सिद्धांतों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अधिवक्ता हरदयाल लोधी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संन्यासी नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माता थे। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने 19वीं सदी में थे। उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए का उनका मंत्र आज के युवाओं और अधिवक्ताओं के लिए ऊर्जा का स्रोत है। अधिवक्ता शशिकांत लोधी ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए बौद्धिक शक्ति और नैतिकता का होना आवश्यक है, जो स्वामी जी के दर्शन का मुख्य आधार था। युवा अधिवक्ता कमलेश लोधी ने युवाओं से अपील की कि वे अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। इस दौरान कचहरी हरदयाल सिंह लोधी एड, महेंद्र कुमार पाराशर एड., पुष्पेन्द्र सिंह चौहान एड., शशिकांत सिंह लोधी एड., जानकी प्रसाद बौद्ध एड., रवि श्रीवास्तव एड., अजय राजपूत एड., देवसिंह राजपूत, कमलेश लोधी एड., शेरसिंह यादव एड., शैलेन्द्र सिंह लोधी, विकास झा एड., आकाश झा एड., अनुराग लोधी एड., गजराम लोधी, रानू विदुआ एड., भूपेंद्रसिंह यादव एड., दीपक सिंह एड. समेत कई अन्य अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। जिन्होंने स्वामी के जीवन प्रसंगों पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर समाज सेवा और न्याय की रक्षा का संकल्प लिया।

### स्वामी विवेकानन्द की जयंती मनाई गई

**ललितपुर।** श्रीविवेकानंद स्वामी जयंती के अवसर पर युवा अधिवक्ता संघ उ.प्र. द्वारा कचहरी परिसर में उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनकी जयंती मनाई। कचहरी परिसर में युवा अधिवक्ता संघ द्वारा उनके जीवन के बारे में अपने विचार व्यक्त कर उनके द्वारा किया गए कार्यों का व्याख्यान कर उनके बताए गए नियमों को अपने जीवन में उतार कर जीवन को सफल बनाने की घोषणा की। जयंती समारोह में युवा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पवन कुमार तिवारी एड. ने कहा कि स्वामी विवेकानंद अपने आप में परिपूर्ण व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे और उनके द्वारा विदेश में भारत का सम्मान बढ़ाया। एक अलग पहचान बनाई वह हमेशा युवाओं के प्रेरणा स्रोत एवं मार्गदर्शन रहे हैं। ऐसे व्यक्तित्व के धनी श्रीविवेकानंदजी को सादर नमन करते हुए उन्हें चित्र उनके माल्यार्पण किया। वक्ताओं द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनकी जयंती मनाई। इस दौरान विजय कुमार सिंह, त्रिलोकी स्वरूप पटैरिया, वेदप्रकाश राय, संजय कुमार, विवेक श्रीवास्तव, मनोज खटीक, अजय साहू, कुलदीप श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, प्रदीप पाराशर, बलराम राजपूत, कृपाल राजपूत, आकाश यादव, दर्शन, पुष्पेंद्र गोस्वामी, रमाकांत साहू, आशीष शर्मा, नरेंद्र मौर्य, भारती कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, राकेश रजक, विष्णु प्रताप सिंह, रमेश कुशवाहा, अशोक विश्वकर्मा, जयंत यादव, हीरालाल, वसीम राजा, अनिल यादव, रविशंकर तिवारी, मुकेश साहू, हनुमत सिंह, मधुसूदन श्रीवास्तव, दर्शन बडोनिया, आशीष शर्मा, भगतसिंह पटेल, विनोद पटेल, मनीष सेन, धर्मेंद्र रजक, सौरभ शर्मा, रामप्रताप सिंह मौजूद रहे। संचालन विजय कुमार एड. ने किया।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर कराया गया योगाभ्यास



**ललितपुर।** चंद्रशेखर आजाद पार्क योग कक्षा में पतंजलि युवा भारत योग समिति, भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति, किसान पंचायत व सैडो पॉवर ग्रुप के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई, जिसमें सर्वप्रथम भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी अरविंद कुमार एवं युवा भारत के मंडल प्रभारी योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी ने चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। योगाचार्य मुकेश साहू एड. द्वारा सभी योग साधकों को योगाभ्यास कराया। अरविंद कुमार ने बताया कि स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण के बताए गये कार्यों को कर रहे हैं। योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी ने बताया कि स्वामी के बताया गए मार्ग चलना चाहिए। हमें नशा मुक्त भारत बनाना है देश के युवाओं को योग से जुडना चाहिए। योगाचार्य मुकेश साहू एड. ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द का जन्मदिन 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। स्वामी का जन्म 1863 कोलकाता पश्चिम बंगाल में हुआ था उनके पिताजी का नाम विश्वनाथ दत्त था एवं माता जी का नाम भुवनेश्वरी देवी था। उनके गुरू रामकृष्ण परमहंस थे। रामकृष्ण मठ व रामकृष्ण मिशन की स्थापना भी इनके द्वारा की गई। इनकी मृत्यु 04 जुलाई 1902 में बेंगलूर पश्चिम बंगाल भारत में हो गई थी। युवा भारत के सह प्रभारी रामकिशोर विश्वकर्मा ने स्वामि जी के कथन को याद दिलाया उठो जागो तब तक नहीं रुको जब तक आपको लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। युवा भारत के कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र जैन ने बताया कि स्थान चंद्रशेखर आजाद पार्क में प्रतिदिन योग कक्षा सुबह 6 से 8 बजे तक संचालित होती है। इस दौरान श्यामलाल साहू, अरविंद कुमार जैन, योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी, योगाचार्य मुकेश साहू एड., रामकिशोर विश्वकर्मा, सुरेन्द्र जैन, मनोज झा, अक्षय गौतम एड., फूलसिंह अमीन, राजेंद्र कुमार उदैनिया, प्रमोद बबेले, विकास जैन, मनीष सिंह, प्रमोद पांडे, संजय अहिरवार, उत्कर्ष मिश्रा, शैलेन्द्र साहू आदि उपस्थित रहे।

### 1402 को बोर्ड ने किया खारिज

# बोर्ड बैठक में विकास कार्यों के विभिन्न प्रस्ताव पास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद सभाकक्ष में पालिका की बोर्ड बैठक नपाध्यक्ष सोनाली जैन की अध्यक्षता, पार्षदों व ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा की उपस्थिति सम्पन्न हुई। इस दौरान नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष की प्रथम बोर्ड बैठक में समस्त पार्षदों व ईओ ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। बोर्ड बैठक के दौरान कार्यालय अधीक्षक/कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन द्वारा प्रस्ताव सं.-1360 से लेकर प्रस्ताव सं.-1592 तक प्रस्तावों को बोर्ड के समक्ष रखा। जिसमें से बोर्ड प्रस्ताव सं. 1402 जो कि वार्ड नं. 22 मु.नदीपुरा में मछली मार्केट में टीनशैड, बाउण्ड्रीबाल व मरम्मत कार्य को बोर्ड द्वारा निरस्त किया गया, इसके अलावा अन्य सभी प्रस्तावों पर बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई। बोर्ड बैठक में पार्षद सोनसिंह यादव, मिथलेश कुशवाहा, मोहिनी दरौनिया, पुष्पा राजा, जानकी प्रसाद, रजनी रजक, उदयप्रताप यादव, अशोक कुमार पंथ, अफजुल रहमान, मो.मुस्तफा खां, दीपा कुशवाहा, सविता कुशवाहा, पूजा यादव, मनमोहन चौबे एड., शिवानी कुशवाहा, कुन्दन पाल, आलोक कुमार जैन मयूर, कीर्ति नायक, जगदीश यादव, रामकिंकर पटैरिया, मो.अब्दुल वारी, फरजाना बानो, रमेश कुमार उर्फ गांधी, धर्मवीर कुशवाहा, गिरीश पाठक आदि मौजूद रहे।

### 150 एविल इंजेक्शन जब्त किए, दो आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ विदिशा पुलिस ने कार्रवाई की है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस और ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने 10 जनवरी को मेडिकल कॉलेज के पीछे छापा मारकर 150 नग अवैध एविल इंजेक्शन जब्त किए। इस कार्रवाई के दौरान 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# प्रियंका गांधी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया, मरीजों को फल बांटे

**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा वायनाड से सांसद एवं कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष डा. दयाराम रजक के नेतृत्व जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए।

इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि प्रियंका गांधी का जीवन संघर्ष, सेवा और आम जनता के अधिकारों के लिए समर्पित है। उनके जन्मदिन को जनसेवा के रूप में मनाकर कांग्रेस पार्टी ने मानवीय मूल्यों और



सामाजिक सरोकारों का संदेश दिया। इस दौरान मनरेगा जिला प्रभारी जसपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित, नगर अध्यक्ष रामनरेश दुबे, मु.इमरान, रफीक अली, जावेद किरमानी, सुशील रजक, प्रेमशंकर गुप्ता उपस्थित रहे। प्रियंका की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। जिला महासचिव मु.इमरान ने सभी का आभार जताया।

# बस ने ट्रक को मारी टक्कर, आधा दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सोमवार सुबह हाईवे पर एक तेज रफ्तार बस ने आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बस में सवार दस से अधिक यात्री घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

घायलों में से एक की हालत गंभीर होने पर उसे झांसी रेफर किया गया है। यह घटना सुबह उस समय हुई जब सागर से ग्वालियर जा रही बस (यूपी 94 ए टी 0271) ललितपुर बस स्टैंड से लगभग 40 यात्रियों को लेकर झांसी के लिए रवाना हुई थी। बस हाईवे पर ग्राम रोड़ा और अमरपुर मंडी के बीच बिजोरिया नाले के पास पहुंची ही थी कि उसने आगे जा रहे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। घायल यात्रियों ने बताया कि बस बहुत तेज रफ्तार में थी। उन्होंने चालक




को धीमी गति से बस चलाने के लिए कहा भी था, लेकिन उसने किसी की बात नहीं सुनी। घायल फूल सिंह ने जानकारी दी कि बस चालक लगभग 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बस चला रहा था और ट्रक से टकराने से पहले उसने एक टैक्सी को भी बाल-बाल बचाया था। घायलों में मंजीत (40) निवासी नेहरू नगर, नितेश साहू (40) निवासी सरायपुरा, महेश (40) निवासी निवाई, फूल सिंह (62) निवासी बंदेशरा, नीमा पत्नी रामसिंह (42), रामसिंह (52) निवासी छायन जिला सागर (मध्य प्रदेश), ऋषभ(25) निवासी गोविंद नगर, रामप्रकाश (60) निवासी तालाबपुरा और राजकुमार (35) निवासी तालाबपुरा शामिल हैं। सागर निवासी रामसिंह की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

### लायंस क्लबों का संयुक्त अधिष्ठापन

# सेवा, संगठन और नेतृत्व का सशक्त प्रतीकः सराफ




**ललितपुर।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी2 के तत्वावधान में सहज संगम नामक संयुक्त अधिष्ठापन समारोह एवं नववर्ष 2026 स्वागत कार्यक्रम बुन्देलखण्ड हॉली-डे होम बंदरगुढा जाखलौन में गरिमामय, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सन्मति सराफ रहे। वहीं डिस्ट्रिक्ट की फस्ट लेडी लायन सुनीता सराफ की भी विशिष्ट उपस्थिति रही। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सन्मति सराफ ने अधिष्ठापन अधिकारी के रूप में सभी क्लबों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं निदेशक मंडल को शपथ दिलाकर विधिवत अधिष्ठापन सम्पन्न कराया। इस दौरान प्रथम उप-डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शरद अग्निहोत्री द्वारा नए सदस्यों को औपचारिक रूप से सदस्यता ग्रहण कराई गई तथा उन्हें लायनवाद की शपथ दिलाई गई। इस दौरान जिले के 11 लायंस क्लबों लायंस क्लब ललितपुर सेवा, लायंस क्लब ललितपुर ग्रेटर, लायंस क्लब ललितपुर हेल्पिंग हैंड, लायंस क्लब ललितपुर गौरव, लायंस क्लब ललितपुर गर्व, लायंस क्लब ललितपुर अमृत, लायंस क्लब ललितपुर बुंदेलखंड, लायंस क्लब ललितपुर मेन, लायंस क्लब ललितपुर यूनाइटेड, लायंस क्लब ललितपुर यूनिक एवं लायंस क्लब बंसी संगम का संयुक्त अधिष्ठापन किया गया। क्लबों के अध्यक्ष, रीजन, को-रीजन एवं जोन पदाधिकारी ने मंच की शोभा बढ़ायी एवं उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी क्लब अध्यक्षों को मल्टीपल 321 प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त लायन एम.पी. सिंह बुंदेला, लायंस क्लब ललितपुर ग्रेटर एवं लायंस क्लब ललितपुर गौरव को लायंस इंटरनेशनल अध्यक्ष प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर कई लायंस सदस्यों को वर्षों की निरंतर एवं समर्पित सेवा के लिए लायंस इंटरनेशनल द्वारा प्रदत्त शेवरॉन (दीर्घ सेवा) सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान डिस्ट्रिक्ट 321-बी2 के अंतर्गत कार्यरत सभी लायंस क्लबों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की भी सराहना की गई। क्लबों द्वारा आरओ वाटर कूलर की स्थापना, अस्पताल उपकरण बैंक, फूड वैन का निर्माण, मेडिकल कॉलेज में रैन बसेरा (रैनवासेरा) का संचालन, क्रिकेट टूर्नामेंट, साथ ही रक्तदान, कम्बल वितरण एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के आयोजन जैसे कार्यों को समाजोपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सन्मति सराफ ने कहा कि सहज संगम केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, संगठन और नेतृत्व की साझा सोच है। जब क्लब एकजुट होकर कार्य करते हैं, तभी सेवा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचती है। भोजन वितरण, फूड पैकेट तथा जरूरतमंद महिलाओं एवं परिवारों की सहायता जैसे सेवा कार्यों पर भी चर्चा की गई।

# खंगार क्षत्रिय समाज मनाएगी महारानी मणिमाला जौहर दिवस



**मड़ावरा (ललितपुर)।** कस्बा के ग्राम बीर बानपुर में स्थापित खंगार समाज के वंशज महाराजा खेत सिंह खंगार जू देव परिसर में 29 जनवरी को होने वाले ऐतिहासिक महारानी मणिमाला जौहर दिवस कार्यक्रम मनाए जाने को लेकर खंगार समाज द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव मेघनाथ खंगार द्वारा की गई। कार्यक्रम को भव्यता के साथ मनाये जाने को लेकर रूप रेखा तय कर जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि महारानी मणिमाला जौहर की परंपरा को बनाए रखते हुए इस वर्ष भी कार्यक्रम श्रद्धा एवं सम्मान के साथ आयोजित किया जायेगा, जिसमें प्रदेश स्तर से लेकर अन्य राज्यों से खंगार समाज के पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में सपा प्रदेश सचिव मेघनाथ सिंह खंगार, अतिथि रामसिंह खंगार, त्रिलोक खंगार, भैयन खंगार प्रधान छपरट, एड महेश परिहार धवा, सुहेलदेव पार्टी जिलाध्यक्ष तेजसिंह परिहार, सन्तोष परिहार, मुकेश परिहार, जितेंद्र परिहार, बलवीर परिहार, विजय परिहार, जगराम परिहार, केहर परिहार, हाकिम परिहार, सुनील परिहार, दिनेश, प्रमोद, ताराचंद परिहार, सीताराम परिहार, खुमान, भानसिंह परिहार, मीडिया प्रभारी प्रकाश खंगार पीसी मड़ावरा समेत सैकड़ों की संख्या में स्वजातीय बंधु मौजूद रहे।

# मिशन का 30वां स्थापना दिवस मनाया



**ललितपुर।** सेवा साधना और सम्बोधि को समर्पित दिव्य प्रेम सेवा मिशन कानपुर अंचल की ललितपुर शाखा का तीसवां स्थापना दिवस वेदपाठी कर्मकांडी संस्कृत वटुक विद्यार्थियों के सानिध्य में वेद मंत्रोचारण के बीच मन्दिर के सुरभ्य प्रांगण में मनाया गया जिसमें सहभोज भी हुआ। इस दौरान दिव्य प्रेम सेवा मिशन जिला संयोजक बब्बू राजा ने बताया कि दिव्य प्रेम सेवा मिशन की स्थापना आज से तीस बर्ष पूर्व आशीष ने हरिद्वार में की थी जो दीन दुखियों की सेवार्थ समर्पित है। सबसे ज्यादा कोढ़ी व्यक्तियों के लिए आश्रम की व्यवस्था है। इसके अलावा अन्य दीन दुखियों की सेवा की व्यवस्था यह मिशन करता है। कोढ़ होने के बाद जो व्यक्ति अपने परिवार और समाज से एक तरह से बहिस्कृत से हो जाते हैं, आश्रम में उनकी घर की तरह सेवा होती है। उनके बच्चों को पढ़ाने की इतनी अच्छी व्यवस्था है कि कई बच्चे केन्द्र और राज्य सरकार के में बड़े बड़े अधिकारी तक वन गये हैं। ललितपुर में भी दिव्य प्रेम सेवा मिशन की शाखा लगातार समाजसेवा के प्रयास करती रहती है। इस दौरान पं.कमलेश शास्त्री ने सेवा को धर्म मानने के बिषय पर शास्त्रीय उद्धरण देकर व्याख्या की। कार्यक्रम में प्रदीप चौबे, राजीव बबेले सप्पू, बंशीधर श्रीवास, देवेन्द्र गुरु, निखिल तिवारी, डा.दीपक चौबे, मनीष अग्रवाल, अनुराग जैन शैलू, ध्रुवसिंह सिसौदिया, किंजल्क हुण्डैत, दीपक पाराशर, विक्रांत रावत, हरेन्द्र प्रताप, जगभान सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।

### बिगड़े ऑपरेशन से खराब पांव को सुधारकर किया कमाल

# ऑर्थो सर्जन डॉ. आकाश खैरा ने बचाया युवक का पांव

**ललितपुर।** एक युवक के दायें पैर की हडडी का ऑपरेशन झांसी मेडिकल कॉलेज में हुआ था, परन्तु उसके पैर से इतना मवाद आने लगा कि उसका चलना फिरना जीना मुश्किल हो गया। उस मरीज का इलाज करने से मेडीकल कॉलेज के चिकित्सकों ने मना कर दिया।

कई जगह से निराश मरीज को आखिर डा.आकाश खैरा ने दोबारा पैर ठीक कर नयी जिंदगी दी है। 20 साल के तालबेहट के धीरेन्द्र सेन पुत्र विनोद सेन के पैर में फैक्चर हुआ था जिसका ऑपरेशन कई महीने पहले झाँसी मेडिकल कॉलेज में किया गया था। परन्तु वह चलने फिरने लायक नहीं हो सका। मरीज के पैर से भारी मात्रा में मवाद निकलने लगा उसकी हालत खराब होती गयी। उसने जब दोबारा झांसी जाकर दिखाया तो चिकित्सकों ने उसे इलाज से मना कर दिया। निराश होकर कई जगह जाने के बाद मरीज को डा.आकाश खैरा की जानकारी हुयी तो उन्होंने परीक्षण कर दो शिफ्टों में ऑपरेशन कर मरीज को ठीक करने की प्लानिंग की। पहले ऑपरेशन मे मरीज के पैर की टीबिया हडडी में पहले से पड़ी संक्रमित रॉड को निकालकर




उसके स्थान पर एक विशेष तकनीकि से अत्याधुनिक जानकारी के साथ हस्त निर्मित एण्टीबायटिक रॉड डालना तय किया गया। जिससे संक्रमण रोका जा सके। बाद में हडडी का संक्रमण दूर हो जाने पर रॉड को स्टील रॉड में बदलकर मरीज को चलने फिरने लायक बनाना था। तीन माह के अंतराल में डा.खैरा ने यह दौनों सफल ऑपरेशन कर ललितपुर के अस्थि रोग चिकित्सा जगत में नयी मिसाल कायम कर दी। इस दौरान मरीज के पैर से भारी मात्रा में मवाद को निकाल कर विसंक्रमित किया गया। अब मरीज खुश है और पूरी तरह ठीक हो गया है। वह डा.खैरा को साधुवाद दे रहा है। इस ऑपरेशन के दौरान निश्चेतना विशेषज्ञ डा.खेमचंद्र वर्मा, ओमकरन सिंह गौर, पवन प्रजापति, रोहित राजपूत, जयदेव श्रीवास, सुषमा सेन, वर्षा यादव, वृगभान सिंह कुशवाहा आदि का सहयोग रहा।

#### इनका कहना है

पहले तो मैंने बेटे के ठीक होने की उम्मीद ही छोड़ दी थी, पर डा.आकाश खैरा के इलाज से मेरा बेटा अब पूरी तरह सामान्य तरीके से चलने लगा है। यह इलाज हमारे परिवार में अत्यंत खुशियां लेकर आया है।

**विनोद कुमार सेन**, मरीज के पिता, निवासी तालबेहट।

## श्योपुर, विजयपुर, बड़ौदा में हुई जल सुनवाई, पानी की हुई जांच

# जन सुनवाई में नवाचार, अब जन के साथ जल की भी होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

लोगों को पीने का पानी शुद्ध मुहैया कराया जाए इस उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर अब जनसुनवाई में नवाचार किया गया है। नगर निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में अब हर मंगलवार को शिविर लगाकर जन के साथ जल संबंधित सुनवाई भी की जाएगी जिसमें जलापूर्ति से जुड़ी किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर तत्काल निराकरण किया जाएगा। इस क्रम में जहां जिला मुख्यालय के वार्ड 11,12,13,14 की सीमाओं को जोड़ने वाले फक्कड़ चौराहा पर जिला शहरी अभिकरण अधिकारी विजय शाक्य के नेतृत्व में तो बड़ौदा में नगरपरिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सुमन के नेतृत्व में वार्ड नं 7 में वहीं विजयपुर नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश कुशवाह के नेतृत में वार्ड नं 1, 2 एवं 3 में शिविर लगाकर जन सुनवाई ओर जल सुनवाई की गई। इस दौरान जलापूर्ति से जुड़ी समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया।

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 21 लोगों की मौत हो जाने ओर बड़ी संख्या में दस्त उल्टी जैसी बीमारी फैलने की खबरें प्रकाशित होने के बाद विपक्ष ने पूरे प्रदेश में इसको लेकर एक अभियान शुरू कर दिया है। आए दिन कांग्रेस दूषित पानी को लेकर प्रदेश के हर शहर में प्रदर्शन कर रही है इन प्रदर्शनों को रोकने के साथ-साथ लोगों को पीने का पानी शुद्ध मिले इस उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा ने पूर्व में भी सभी जलसों खासकर अपने की टंकियां की सफाई करने के निर्देश दिए थे और दूषित पेयजल आपूर्ति न हो इसके लिए टीम गठित की थी जो अपना काम कर ही रही है साथ ही अब उन्होंने जनसुनवाई में भी नवाचार कर दिया है तीन जिले की तीनों नगर पालिकाओं में मंगलवार को किसी एक वार्ड में जनसुनवाई की जाएगी जहां लोगों की समस्या सुनने के साथ-साथ जल की समस्याएं प्राथमिकता से सुनी और उसका निराकरण किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न घरों से सैंपल लेकर पानी की शुद्धता जांचे जाने के निर्देश दिए गए हैं इस क्रम में लोगों के घरों से सैंपल ले लेकर उनकी शुद्धता जांचने का काम मंगलवार को दिनभर जिले के तीनों नगर निकाय संस्थाओं में शिविर लगाकर किया गया।



### नालियों में लगे नल कनेक्शन काटने की चेतावनी

जिला मुख्यालय स्थित फक्कड़ चौराहे पर नगर पालिका परिषद श्योपुर द्वारा लगाए गए शिविर में पहुंचे जिला शहरी अभिकरण अधिकारी विजय शाक्य ने जल से संबंधित सुनवाई करते हुए मौके पर मिली समस्यायों का निराकरण किया वहीं ऐसे नल कनेक्शन को विच्छेद करने के निर्देश भी सीएमओ आरआर यादव को दिए जो नालियों में या नालों में होते हुए आ रहे हैं अथवा लीकेज है इस संबंध में सीएमओ ने संबंधित कनेक्शन धारी को उक्त नलों को नालियों और नालों से बाहर निकालने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि अगर यह नल 24 घंटे के भीतर नालियों से बाहर नहीं निकाले गए तो इन्हें बंद कर दिया जाएगा और जुर्माना भी लगाया जाएगा।

### विजयपुर में तीन वार्डों में हुई जल सुनवाई



विजयपुर में वार्ड क्रमांक 1 2 3 की सीमाओं को जोड़ने वाले स्थान पर शिविर लगाकर जनसुनवाई और जनसुनवाई की गई हालांकि शिविर में अधिकतर समय कर्मचारी ही मौजूद रहे जिन्होंने आवेदन लेकर समस्या सुनी बाद में सीएमओ प्रदीप शर्मा के साथ शिविर में पहुंचे नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश कुशवाह ने भी जनसुनवाई की इस दौरान उन्होंने सीएमओ शर्मा को निर्देश दिए कि ऐसे नल कनेक्शन जो नालियों में होते हुए जा रहे हैं अथवा लीकेज हैं जो नालियों का गंदा पानी अपने भीतर सोख लेते हैं और बाद में इस गंदे पानी को प्रभावित कर देते हैं को नालियों से बाहर निकलवाए साथ ही वाल चैंबर की मरम्मत कराई जाए किसी भी वॉल चेंबर में पानी भर न रहे।




### बड़ौदा में अध्यक्ष प्रतिनिधि ने सुनी समस्या

जल सुनवाई के तहत बड़ौदा के वार्ड 14/15 में शिविर लगाकर समस्या सुनी गई इस दौरान लोगों ने जल सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन दिए लोगो ने विभिन्न वार्डों में साफ सफाई प्रकाश व्यवस्था के साथ पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का निराकरण के निर्देश भी नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सुमन ने सीएमओ ताराचंद धूलिया को दिए साथ ही पानी की शुद्धता भी जांची गई और लोगों को शुद्ध और अशुद्ध पानी में फर्क करने की जानकारी दी। सीएमओ ताराचंद धूलिया ने बताया कि शुद्ध पानी वही नहीं जो साफ दिखता हो साफ पानी में भी ऐसे बैक्टीरिया हो सकते हैं जो हमें बीमार कर सकते हैं। इनकी जांच कैसे की जाए यह भी वार्ड वासियों को विस्तार से बताया गया।

### इनका कहना....

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिले की तीनों नगर निकायों में जनसुनवाई के साथ-साथ जाल सुनवाई की गई। अब हर मंगलवार को इसी तरह जन और जल सुनवाई की जाएगी। लोगों को पीने का पानी शुद्ध मिले इसके लिए घर घर से पीने के पानी सैंपल लेकर मौके पर ही जांच कराई जा रही है।

विजय शाक्य
जिला शहरी विकास अभिकरण अधिकारी

---

## ललितपुरा के ग्रामीणों ने जनसुनवाई में आकर कलेक्टर से की शिकायत

# साहब! पटवारी ने साठगांठ करके दूसरों के खातों में डाल दी मुआवजा की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

साहब! वर्ष 2021 के दौरान आई बाढ का मुआवजा हम लोगो को अभी तक नहीं मिल सका है। जबकि हमारे नाम से शासन से आया मुआवजा पटवारी ने सांठगांठ करके दूसरो के खातो में डाल दिया है। यह बात मंगलवार को जनसुनवाई में आए बडौदा तहसील क्षेत्र के ग्राम ललितपुरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन सौपते हुए कही। ग्रामीणों ने आवेदन में आरोप लगाया है कि बाढ़ से हुई पशु हानि और मिट्टी कटाव का मुआवजा पीड़ितों के बजाय गांव के अन्य व्यक्तियों, जिनमें तत्कालीन पटवारी के परिजन और रिश्तेदार भी शामिल थे, के खातों में जमा कर दिया गया। यह राशि जिला प्रशासन की ओर से आरसीबी 6(4) के तहत स्वीकृत की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार बडौदा तहसील कार्यालय में पहुंचकर भी शिकायत की गई,मगर वहां उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने मुआवजा राशि जल्द दिलवाते हुए सांठगांठ करके दूसरो के खातो में मुआजवा राशि भेजने वाले तत्कालीन पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### जनसुनवाई में आए 174 आवेदन, निराश्रित बच्चों के मामले में कलेक्टर ने दिए गार्जियन नियुक्त करने के निर्देश



कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान 174 लोगों के आवेदन लेकर उनकी समस्याए सुनी। इस दौरान कलेक्टर ने 05 लोगों को उपचार के लिए रेडक्रॉस फंड से 50 हजार रूपये की राशि भी प्रदान की। वहीं गांधी नगर श्योपुर निवासी निराश्रित बच्चों के मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग को गार्जियन नियुक्त करने के निर्देश दिये गये। स्पॉन्सरशिप योजना के लाभार्थी भाई-बहन द्वारा जनसुनवाई में अवगत कराया गया कि उनकी मॉ के नाम से सेंट्रल बैंक शाखा श्योपुर में खाता है, जिसमें एक लाख रूपये की राशि जमा है, मॉ और पिता दोनो की मृत्यु हो चुकी है, इसलिए बैंक प्रबंधन उन्हें राशि प्रदान नही कर रहा है। इस पर जनसुनवाई के दौरान ही बैंक मैनेजर को मौके पर बुलाकर राशि बच्चों के नाम ट्रांसफर करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

### इधर फर्जी शपथ पत्र बनाकर मुआवजा की राशि हड़पने की शिकायत

बडौदा के इंद्रापुरा रोड निवासी रूकमाल मीणा ने अपने भाई पर फर्जी शपथ बनाकर फसल मुआवजा की पूरी राशि अपने ही खाते में डलवाए जाने का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की है।एसपी के नाम दिए आवेदन में रूकमाल मीणा ने आरोप लगाया है कि हमारी शामिल की जमीन है,जिसका फसल नुकसान का मुआवजा शासन की ओर से दिया गया है। लेकिन मेरी हिस्से के मुआवजे की राशि मेरे ही भाई रामहेत मीणा निवासी उडायथा ने मेरे फर्जी हस्ताक्षर के जरिए फर्जी शपथ पत्र बनाकर अपने ही खाते में डलवा ली। रूकमाल ने इस मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए मुआवजे की आधी राशि दिलवाए जाने की मांग की है।

## पैरा खिलाड़ी न्यूजीलैंड के लिए रवाना, कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मंगलवार को पैरा खिलाडी श्योपुर निवासी सद्दाम खान को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाओं के साथ न्यूजीलैण्ड के लिए रवाना किया। इस अवसर पर पैरा कोच मुजीब खान भी उपस्थित रहें। उल्लेखनीय है कि न्यूजीलैण्ड में कुक स्ट्रीट समुद्र चैनल 36 किलोमीटर रिले तैराकी प्रतियोगिता 26 से 30 जनवरी तक आयोजित की जा रही है, जिसमें श्योपुर के पैरा खिलाडी सद्दाम खान सहित भिण्ड महगांव के सतेन्द्र सिंह तथा केरल स्टेट के स्टीफन भाग ले रहे है। इस दल के साथ कोच मुजीब खान भी रहेंगे, जो कि श्योपुर के निवासी है। कलेक्टर की पहल पर श्योपुर के पैरा खिलाडी सद्दाम खान निवासी किला श्योपुर को मध्यप्रदेश निराश्रित निधि से 5 लाख रूपये राशि की प्रदान की गई है।



## श्योपुर रेंज के अमले ने स्कूली बच्चों को कराई जंगल की सैर

**श्योपुर।** अनुभूति कार्यक्रम के तहत सामान्य वन मंडल के श्योपुर रेंज अमले ने नवोदय विद्यालय श्योपुर तथा आवासीय विद्यालय ढेंगदा के स्कूली छात्र छात्राओं को देव खो के जंगल में ले जाकर जंगल की सैर करवाई गई। जंगल का मनमोहक नजारा देखकर छात्र छात्राओ के चेहरे प्रसन्न से खिल गए। इस दौरान वन विभाग की ओर से छात्र छात्राओ की समझ बढाने के लिए एक प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई। इस दौरान श्योपुर रेंज आफिसर राघवेन्द्र सिंह भदौरिया समेत स्कूल स्टाफ व अन्य वन अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।



---

## एसडीएम ने जारी किया नोटिस बिन स्वीकृति के कैसे हो रही प्लॉटों की बुकिंग

# अपनी भूमि विवादित बताकर विक्रय पर रोक लगाने कोर्ट पहुंचे, उधर काट दी कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा अवैध और नियम विरुद्ध काटी गई कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत विजयपुर में विषम स्थिति तब निर्मित हो गई जब भू स्वामियों ने अपनी जिस जमीन को विक्रय पर रोक लगाने की मांग प्रशासन से की थी लेकिन उनकी स्वीकृति के बिना किसी ने वहां कॉलोनी काट दी अब एसडीएम का नोटिस उन लोगों को मिल गया है जो उक्त भूमि के विक्रय होने पर ही आपत्ति जताकर न्यायालय की शरण में पहुंचे हैं।

एसडीएम विजयपुर द्वारा अवैध कॉलोनियों को रोकने के उद्देश्य से की जा रही कार्रवाई के क्रम में एक नोटिस जारी किया गया है जिसमें आधा दर्जन भू स्वामियों के नाम लिखे गए हैं जिसमें उल्लेख है कि आपको सूचित किया जाता है कि मौजा पटवारी विजयपुर के द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया है कि आपके द्वारा ग्राम की भूमि सर्वे हेक्टेयर राजस्व अभिलेख में आपके नाम दर्ज है। उक्त भूमि पर बिना आवश्यक अनुजा प्राप्त से भूमि को भूखण्डों से विभाजित कर विक्रय की कार्यवाही की जा रही है। जो कर अवैध कालोनी के उपबन्धी के तहत आती है। इन नामों में जाफर खान का नाम भी है जो उक्त भूमि में दूसरे चचेरे भाइयों के साथ भू स्वामी है और उसने अपने हिस्से की जमीन को जबरिया विक्रय करने से रोकने के लिए अदालत में याचिका लगाई हुई है, इससे पहले तहसीलदार, एसडीएम एवं कलेक्टर को भी आवेदन देकर अपनी जमीन की उसकी सहमति के बिना रजिस्ट्री न करने की गुहार लगाई है लेकिन जफर खान का कहना है कि उसकी सहमति के बिना ही जमीन की रजिस्ट्री हो गई अब जिस व्यक्ति ने जमीन उसके भाइयों से खरीदी है वह उसे पर कॉलोनी में प्लॉट काट कर बेच रहा है। ओर नोटिस खसरे में नाम होने की वजह से जाफर खान को भी जारी कर दिया गया। प्रश्न यह उठ रहा है कि जब प्रशासन के पास जाफर खान के कई आवेदन पड़े हैं अखबार में इस संबंध में विज्ञप्ति भी निकाली जा चुकी है मामला कोर्ट में है फिर पटवारी ने कैसे उसके नाम का प्रतिवेदन एसडीएम को सौंप दिया। इस मामले में पटवारी की कॉलोनाइजर से साठगांठ होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। फिलहाल जाफर खान ने इसकी शिकायत एसडीएम को नोटिस के जवाब के साथ करने की बात कही है।

# अंतर्राष्ट्रीय ठहाका महोत्सव में श्योपुर के साहिल ने की भागीदारी



**श्योपुर।** अंतरराष्ट्रीय ठहाका महोत्सव का 26 वाँ भव्य आयोजन बीते रोज कालिदास अकादमी उज्जैन में संपन्न हुआ। इस साहित्यक आयोजन में देश विदेश से आए नामचीन साहित्यकारों ने शिरकत की जिसमें श्योपुर का प्रतिनिधित्व जिले के उभरते साहित्यकार कमल राठौर ₹साहिल₹ द्वारा किया गया। 25 घंटे तक चला यह आयोजन अपने आप में अनूठा तो था ही साथ ही इस आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वर्चुअली शामिल होकर चार चांद लगा दिए। 25 घंटे निरंतर हास्य संवाद के इस आयोजन में श्योपुर जिले से कमल राठौर ₹साहिल₹ के द्वारा प्रस्तुति देना जिले के लिए गौरव की बात रही।

### कल विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेगा तृतीय कर्मचारी संघ

**श्योपुर।** शासकीय कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर तृतीय कर्मचारी संघ 15 जनवरी को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा। इस संबंध में संघ के जिलाध्यक्ष यदुनंदन गुप्ता ने कर्मचारियों से 15 जनवरी को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट पर उपस्थित रहने की अपील की है।

# पुराने रेलवे स्टेशन से नए रेलवे स्टेशन तक बनाई जाए फोरलेन सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

श्योपुर नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला को आवेदन सौंपकर पुराने रेलवे स्टेशन से नए रेलवे स्टेशन तक फोरलेन सडक का निर्माण करवाए जाने का अनुरोध किया है। उन्होने प्रभारीमंत्री को अवगत कराया कि यह फोरलेन सडक रेलवे की जमीन होकर बनाए जाने की मंजूरी दिलवाए जाए। इस फोरलेन सडक के बनने से जहां नए रेलवे स्टेशन तक श्योपुरवासियों को पहुंचना सुगम होगा,वहीं शहर को ट्रैफिक जाम की समस्या भी निजात मिल जाएगी। नगर मंडल अध्यक्ष मंगल ने प्रभारीमंत्री को आवेदन के माध्यम से यह समस्या भी अवगत कराई कि पार्वती जलावर्धन योजना के तहत ठेकेदारो के द्वारा पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सीसी सडको को छह माह बीतने के बाद भी कंपलीट नहीं किया है। सिर्फ खानापूर्ति करके छोड दिया है। जिससे लोगो को खासी परेशानियां भोगनी पड रही है।



---

# नगर पालिका अध्यक्ष को नहीं मिली राहत हाईकोर्ट ने लगाई 20 जनवरी की तारीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

हाई कोर्ट खंडपीड ग्वालियर में चल रहे एक मामले में मंगलवार को भी रेनू राठौर को राहत नहीं मिली। ज्ञात हो कि नपाध्यक्ष को हाई कोर्ट ने पावर लेस किया हुआ है और इसी मामले में अदालत में सुनवाई हो रही है। सोमवार को तारीख लगी थी लेकिन फाइल सुनवाई के लिए आ ही नहीं सकी। मंगलवार को हुई सुनवाई में न्यायाधीश अहलूवालिया ने 20 जनवरी की तारीख लगाकर अध्यक्ष की उम्मीदों को और लंबा कर दिया।

ज्ञात हो कि एक मामले में नपा अध्यक्ष रेनू राठौर को अहलूवालिया की अदालत में पावर लेस कर दिया है जिसकी अपील उन्होंने पहले हाईकोर्ट की डबल बेंच में की थी अपील खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में चली गई थी वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली तो उन्होंने केस को सुप्रीम कोर्ट से वापस ले लिया और हाई कोर्ट में आ गई तब से लेकर अब तक लगातार उनके मामलों में तारीख बढ़ रही है न्यायाधीश अहलूवालिया की अदालत ने उनसे परिषद गठन होने का गजट नोटिफिकेशन मांगा था जो वह पेश नहीं कर सकी और आज तक इसी को लेकर अदालत के आदेश से वह पावरलेस हैं।

# किसान नेता ने लगाए मंडी परिसर में सीसी निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

किसान नेता एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव रामलखन हिरनीखेड़ा ने कृषि उपज मंडी जैदा में हो रहे सीसी निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कलेक्टर से जांच करने की मांग की है।

किसान नेता रामलखन हिरनीखेड़ा ने कृषि उपज मंडी परिसर जैदा में चल रहे सीसी निर्माण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए आरोप लगाया है कि मंडी गेट से आगे तक सीसी निर्माण के लिए 30 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। इस्टीमेट के अनुसार सीसी की मोटाई 8 इंच होनी चाहिए लेकिन ठेकेदार 3 इंच मोटाई में ही सीसी बना रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि इस काम को गुणवत्तायुक्त कराने की जिम्मेदारी जिस मंडी प्रशासन पर है वो चुप्पी साधे बैठा हैं। किसान नेता ने आरोप लगाया कि अभी सीसी का निर्माण पूरा भी नहीं हुआ है और सीसी कई जगह से टूटना शुरू हो गई है। उन्होंने कलेक्टर अर्पित वर्मा से इस सीसी का सैंपल कोर कटिंग के माध्यम से कराकर लैबोरेट्री से जांच करने की मांग की है।



---

## बस दुर्घटनाओं को रोकने पुलिस ने शुरू किया मैं भी प्रहरी अभियान

# पुलिस अधीक्षक बोले-यात्री बसों का सफर सुरक्षित हो, इसकी जिम्मेदारी हम सबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

यात्री बसो में सफर करने वाले सभी यात्री सुरक्षित तरीके से अपने मुकाम तक पहुंचे, इसकी जिम्मेदारी केवल प्रशासन और बस ऑपरेटरों की ही नहीं, बल्कि आमजन की भी जिम्मेदारी है। हम सभी लोग अपनी अपनी जिम्मेदारी को बखूली निभाएंगे तो निश्चित रूप से न केवल बस दुर्घटनाएं रूकेगी,बल्कि यात्री बसों में यात्रियों का सफर भी सुरक्षित होगा। यह बात एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को श्योपुर पुलिस के मै भी प्रहरी जागरूकता अभियान का शुभारंभ करते हुए कही। एकीकृत बस स्टैंड परिसर में आयोजित इस जागरूकता अभियान के शुभारंभ अवसर पर संत कृष्ण बिहारी दास महाराज, टोढी गणेश मंदिर पुजारी श्याम शुक्ला, शहर काजी अतीकउल्ला कुरेंशी, कॉलेज प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा, नवोदय स्कूल प्राचार्य केके कटियार, एएसपी प्रवीण भूरिया, डीएसपी हेडक्वार्टर पीएन गोयल, एसडीओपी श्योपुर राजीव कुमार गुप्ता समेत विभिन्न थानों के प्रभारी, बस यूनियन और ऑटो यूनियन पदाधिकारी तथा गणमान्य लोग उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि बस यात्रियों को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक करने और मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल की पहल पर श्योपुर पुलिस द्वारा "मैं भी प्रहरी" नामक नवाचार अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन में यात्रा करने वाले नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों से अवगत कराना तथा सुरक्षित बस यात्रा सुनिश्चित कराना है।




### फिट यात्री बसो में लगेगा स्टीकर,एसपी ने की शुरूआत

मै भी प्रहरी जागरूकता अभियान का शुभारंभ करते हुए पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल सहित अन्य अतिथियों ने यात्री बसो में स्टीकर लगाने की शुरूआत भी कर दी। यातायात थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि यह स्टीकर उन सभी यात्री बसो के प्रवेश द्वार के पास लगाए जाएगा,जो यात्री बसे पूरी तरह फिट होगी। जिस बस में यह स्टीकर लगा होगा,वही यात्री बसे जिले की सडको पर चल सकेगी। इन स्टीकरों में यात्री बस के नंबरों के साथही बस के बीमा,परमिट,चालक का लाइसेंस, अग्निशमन यंत्र,आपातकालीन द्वार, मेडिकल किट आदि की उपलब्धता और उसकी वैधता की जानकारी के साथही पुलिस के हेल्पलाइन नंबर भी प्रदर्शित रहेगे।

### आपकी एक सूचना बचा सकती है कई जिंदगियां

अभियान का शुभारंभ करते हुए एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने कहा कि इस अभियान के दौरान जिले की सडकों पर चलने वाली सभी यात्री बसो में सभी जरूरी सुरक्षा मापदंडो बस का जीवित बीमा हो, बस का वैध परमिट हो, चालक का वैध लाइसेंस हो, बस में फर्स्ट एण्ड बाक्स हो, अग्निशमन यंत्र की मौजूदगी, आपातकालीन प्रवेश द्वार चालू हो, की पूर्ति सुनिश्चित करवाई जाएगी। इसके लिए प्रत्येक बस पर एक स्टीकर भी लगाया जाएगा, जिसमें उपरोक्त सुरक्षा मापदंडों की जानकारी प्रदर्शित रहेगी।यात्री बसों में सफर के दौरान यात्री इन सुरक्षा मापदंडों पर देखे। कोई कमी दिखे तो पुलिस को बताए। इसके अलावा यात्री बस चालक बस को नशा करके चलाने या फिर फिर बस को लापरवाही के साथ चलाते हुए दिखे तो आप चुप न रहे,बल्कि इस बारे में पुलिस के हेल्पलाइन नंबरों पर तत्काल सूचना दे, सूचना के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगी। आपकी यह सूचना कई जिंदगियों को बचा सकती है। एसपी ने बस ऑपरेटरों सहित बस चालको को अपनी जिम्मेदारी का पालन सजगता से करने की अपील करते हुए नागरिको से भी आग्रह किया कि वे भी "मैं भी प्रहरी" बनकर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने में पुलिस का सहयोग करें।

### इन नंबरों पर दे सूचना

| | |
|---|---|
| यातायात प्रभारी श्योपुर | 7587636408 |
| पुलिस कंट्रोल रूम श्योपुर | 7049101054 |
| डायल | 112 |

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक स्तरीय खेलो एमपी चयन ट्रायल का किया शुभारंभ

**अशोकनगर।** खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 ब्लॉक स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 13 जनवरी 2026 से 15 जनवरी 2026 तक विकासखंड स्तर पर किया जा रहा है। विकासखंड स्तर अशोकनगर की चयन ट्रायल अशोकनगर के संजय स्टेडियम में प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ किया जा रहा है। इच्छुक खिलाड़ी हॉकी ,बॉक्सिंग ,एथलेटिक्स खो खो,टेबल टेनिस ,मलखंब ,कुश्ती ,जूडो शतरंज , वेटलिफ्टिंग ,फुटबाल ,वालीबाल क्रिकेट ,बैडमिंटन ,बास्केटबॉल ,टेनिस ,योग, कबड्डी, पिट्ठू, तैराकी, रस्साकसी की ट्रायल में सम्मिलित होना चाहते हैं। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करके एवं अपने सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे मूलनिवासी ,आधार, जन्म प्रमाण पत्र ,फोटो आदि लेकर स्वयं उपस्थित होकर इस ट्रायल में भाग ले सकते हैं।

### खेत में करंट लगने से युवक की मौत

**पिपरई।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खेत में पानी देते समय तार फेंसिंग में करंट आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। एएसआई छगन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोली निवासी सतीश पुत्र शिवराज सिंह यादव, उम्र लगभग 30 वर्ष, पिपरई के शुभम चंचल जैन की ठेका की जमीन पर पानी दे रहा था। यह खेत प्रमोद जैन का है, जिसे शुभम चंचल जैन द्वारा ठेके पर लिया गया था। पुलिस के अनुसार खेत की तार फेंसिंग के पास से मुस्ताक खान की बिजली की डोरी डाली हुई थी, जिसमें कई स्थानों पर कट लगे हुए थे। इसी कारण करंट तार फेंसिंग में फैल रहा था। पानी देते समय जैसे ही सतीश ने तार फेंसिंग को हाथ लगाया, वह करंट की चपेट में आकर उससे चिपक गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### नवीन पाठ्यक्रमों को लेकर कार्यशाला का आयोजन हुआ

**अशोकनगर।** नवीन पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के कुल 250 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वंय प्लेटफॉर्म पर नये पाठयक्रमों में पंजीयन किया । जनवरी 2026 सेमेस्टर के लिए स्व; पोर्टल पर विद्यार्थियों हेतु कुल 973 नए पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें विभिन्न विषयों के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित पाठ्यक्रम भी सम्मिलित हैं। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम चयन, पंजीकरण प्रक्रिया तथा क्रेडिट ट्रांसफर से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को इन पाठ्यक्रमों से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय; की नोडल प्रभारी डॉ. दीक्षा भट्ट ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए विभिन्न विषयों से संबंधित उपयुक्त पाठ्यक्रमों के चयन पर विशेष जोर दिया तथा भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित पाठ्यक्रमों के महत्व को रेखांकित किया।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# बीना इलेवन ने फौजी झांसी इलेवन को 123 रनों से हराया, कप पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



बस स्टैंड के सामने चल रहे पंडित राकेश सिरोठिया स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार को भव्यता के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित अन्य अतिथियों के द्वारा विजेता और उप विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किया। फाइनल मैच का मुकाबला फौजी इलेवन झांसी एवं बीना इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें बीना इलेवन ने मैच जीत कर बीना कप पर अपना कब्जा जमाया। टूर्नामेंट में पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के अलावा कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह, प्रदेश महामंत्री सांसद डॉक्टर लता वानखेड़े, विधायक भूपेंद्र सिंह, विधायक वीरेंद्र लंबरदार, विधायक शैलेंद्र जैन, विधायक प्रदीप लारिया, विधायक बृज बिहारी पटेरिया, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, महापौर संगीता सुशील तिवारी, सागर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने स्वर्गीय पंडित राकेश सिरोठिया के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा स्वर्गीय राकेश सिरोठिया ने पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के साथ पार्टी के लिए बेहतर काम किए हैं। लेकिन असमय उनका निधन हो गया। जिनकी स्मृति में यह टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा खेलों के आयोजन खुशहाली लाते हैं। खेल आयोजन में सभी धर्म वर्गों के लोग शामिल होते हैं।

इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किए। विजेता रही टीम बीना इलेवन को 2 लाख 22 हजार 222 रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं उप विजेता फौजी इलेवन झांसी को 1 लाख 11 हजार 111 रुपए एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के संयोजक शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया ने सभी अतिथियों का सम्मान करते हुए आभार व्यक्त किया।

### फाइनल मैच में झांसी मात्र 26 रन ही बना सकी

समापन दिवस पर पहला मैच दूसरा सेमिफाइनल मैच खेला गया। जो फौजी इलेवन झांसी और मैक्स इलेवन एचएम एकता के बीच खेला गया। जिसमें फौजी इलेवन झांसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 119 बनाए। जवाब में उत्तरी मैक्स इलेवन एचएम एकता 108 रन ही बना पाई और सेमी फाइनल मैच हार गई और मैच जीतकर फौजी इलेवन झांसी फाइनल में पहुंची। मैन ऑफ द मैच छोटू मढ़ौरा रहे। जिसके बाद फाइनल मुकाबला फौजी इलेवन झांसी और बीना इलेवन के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बीना इलेवन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 149 रन बनाएं। जवाब में फौजी इलेवन झांसी 4.5 ओवर में सिर्फ 26 रन बना पाई और ऑल आउट हो गई।

# जी-राम-जी बिल गरीबों के जीवन को सुधारने नए आयाम स्थापित करेगा

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने होटल सिद्धिविनायक में संगठन की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने होटल सिद्धिविनायक में प्रदेश संगठन की बैठक ली। बैठक में वीबी जी-राम-जी बिल पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा वीबी जी-राम-जी बिल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और गरीबों के जीवन को सुधारने की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा। इस बिल से 100 दिन के स्थान पर 125 दिन की मजदूरी ग्रामीणों को मिलेगी। साथ ही इस बिल के माध्यम से विभिन्न प्रकार के नए काम भी ग्रामीण क्षेत्र में किए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी की सोच के अनुरूप स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने आगे कहा सभी लोग अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का अवश्य उपयोग करें। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा आप कहीं भी जाए वहां पर पार्टी का कार्यक्रम अवश्य करें। जिस प्रकार मैं आज यहां टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचा था। लेकिन पार्टी कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिलने का काम किया है।



### कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का स्वागत एक बड़ी माला से कार्यकर्ताओं ने किया

इसके अलावा कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह, सांसद डॉक्टर लता वानखेड़े, विधायक भूपेंद्र सिंह, विधायक वीरेंद्र लंबरदार, विधायक शैलेंद्र जैन, विधायक प्रदीप लारिया, विधायक बृज बिहारी पटेरिया, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया, महापौर संगीता सुशील तिवारी, सागर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार का स्वागत नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, महामंत्री आलेख राय, मंत्री प्रदीप तिवारी ने किया। बैठक में यह रहे उपस्थित- बैठक में पूर्व विधायक महेश राय, डॉ विनोद पंथी, धरमू राय, नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, नगर पालिका उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, जनपद अध्यक्ष उषा राय, जनपद उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह, नगर पालिका पार्षद भारती राय, रश्मि कुशवाहा, मधुलिका यादव, अजय ठाकुर, संजय सिंह ठाकुर, विजय लखेरा, गौरी शंकर राय, डॉ नरेंद्र ठाकुर, शुभम तिवारी, हरिओम चौबे, खिमलासा मंडल अध्यक्ष चित्तर सिंह, मंडी बामोरा मंडल अध्यक्ष विशाल पटेल, भानगढ़ मंडल अध्यक्ष पवन यादव, एसआईआर मंडल प्रभारी साहब राज, महामंत्री आलेख राय, महामंत्री नंदकिशोर अहिरवार, प्रदीप तिवारी, सचिन समैया आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने किया एवं आभार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने किया।

# गैस के सुरक्षित उपयोग व देख-रेख की जानकारी दी



**बीना।** राय गैस एजेंसी (एचपी गैस) के द्वारा ग्राम पंचायत बिहरना, जगदीशपुरा में उज्ज्वला पंचायत के अंतर्गत सेफ्टी क्लिनिक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य एवं छात्रावास वार्डन जसविंदर कौर, सरपंच अरविंद राय एवं पन्नालाल सिंह का राय गैस एजेंसी के संचालक छोटा बाबू राय द्वारा शॉल, श्रीफल एवं माला अर्पण कर स्वागत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छोटा बाबू राय ने उपस्थित सभी उपभोक्ताओं को एलपीजी गैस के सुरक्षित उपयोग, रख-रखाव एवं आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को उपहार एवं चॉकलेट का वितरण किया गया।

# रजक समाज की बैठक संपन्न, संत गाडगे बाबा जयंती व भोपाल आंदोलन पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



रजक समाज सेवा समिति के बैनर तले रजक समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में आगामी 23 फरवरी को संत गाडगे बाबा जी की जयंती के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जयंती को भव्य एवं सामाजिक चेतना के साथ मनाने के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई तथा विभिन्न जिम्मेदारियां सदस्यों को सौंपी गईं। इसके साथ ही बैठक में रजक समाज को अनुसूचित जाति में शामिल किए जाने की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले 26 फरवरी को भोपाल में प्रस्तावित आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में समाजजन की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विचार-विमर्श किया गया। आंदोलन में भाग लेने के लिए नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से समाजबंधुओं को संगठित करने, परिवहन व्यवस्था एवं समन्वय की रणनीति पर भी चर्चा हुई। बैठक के दौरान समाज की धर्मशाला से जुड़े विषयों पर भी गंभीरतापूर्वक विचार किया गया। भविष्य की योजनाओं को लेकर सुझाव रखे गए, ताकि समाज के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक के अंत में समाज की एकजुटता पर बल देते हुए सभी से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया और संत गाडगे बाबा जी के विचारों को आत्मसात कर समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया गया। बैठक में राजकुमार माते, रतनलाल रजक, धनीराम रजक, पुन्नेलाल सोलंकी, गनेश प्रसाद रजक, आरपी लाल, फूलचंद, कल्ले सोलंकी, ऊधमसिंह, मनोहर रजक, डीके बाथरी, श्रीराम रजक, दिनेश रजक, संजय मालवीय, मनोज रजक, एड. राजेश रजक आदि शामिल थे।



### चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बीना।** राजीव गांधी वार्ड में माउंट लिटेरा स्कूल के द्वारा बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी कल्पनाशीलता व रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को अपनी कला को खुलकर व्यक्त करने का अवसर देना और उनकी सृजनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ़ दिखाई दे रही थी। यह आयोजन बीना में शीघ्र प्रारंभ होने वाले एक नए, आधुनिक एवं समग्र शिक्षा पर आधारित स्कूल के प्रति अभिभावकों को जागरूक करने की दिशा में भी एक सार्थक प्रयास रहा। कार्यक्रम को बच्चों और अभिभावकों दोनों से अत्यंत सकारात्मक एवं उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। इस दौरान रेणु अजवानी, समक्ष तिवारी, भारती राय, मीनू तिवारी, शाश्वत तिवारी, रितु राय, नेहा अवस्थी, रोहिणी यादव, गरिमा दुबे, अनीता महतो आदि उपस्थित रहे।

# ई-टोकन के लिए भी लंबा इंतजार समितियों के पास फ्रीज पड़ा यूरिया

## 90 प्रतिशत आपूर्ति हो चुकी फिर भी खाद के लिए भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर में बीते शुक्रवार से क्षेत्र में खाद वितरण के लिए ई टोकन प्रणाली लागू हो गई है। जिस किसान को खाद चाहिए पहले उसे कृषि विभाग की वेबसाइट पर जाकर ई टोकन बुक कराना होता है। चूंकि अधिकांश किसान इस प्रक्रिया को स्वयं पूरा करने में सक्षम नहीं है, इसलिए वह कम्प्यूटर सेंटरों पर पहुंच रहे हैं। जहां उन्हें ई टोकन बुक करने के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ रहा है।


सोमवार को इकोदिया निवासी किसान राजप्रताप सिंह दांगी एक कंप्यूटर सेंटर पर सुबह सात बजे से बैठे रहे लेकिन दोपहर दो बजे तक उनका ई टोकन बुक नहीं हुआ। कंप्यूटर सेंटर संचालक राकेश कोली ने बताया कि पहले तो किसान की फॉर्मर आईडी डालने पर एक दो निजी विक्रेताओं के नाम खुल रहे थे लेकिन बाद में एक भी नाम नहीं खुला। जिससे बुकिंग नहीं हो पाई। इसी तरह कंप्यूटर सेंटर संचालक लक्ष्य त्रिवेदी ने बताया कि शनिवार से ई टोकन प्रणाली पर बुकिंग शुरू हुई है। देर रात को तो सर्वर सही से चल रहा है लेकिन दोपहर में एकदम से ठप्प पड़ जाता है। एक किसान की बुकिंग करने में कभी कभी एक घंटा तक लग रहा है। गीलारोपा की किसान फूल बाई ने बताया कि उन्हें केवल पांच बोरी यूरिया चाहिए लेकिन ऑनलाइन काम होने के कारण उन्हें कोई यूरिया नहीं दे रहा।

काम छोड़कर सोमवार को वह कंप्यूटर सेंटर पर वह बैठी रहीं। बीते शुक्रवार को क्षेत्र की सेवा सहकारी समिति गदूली और ओंडेर पर 1110 बोरी खाद आ गया था। लेकिन दोनों ही समितियों के ऑनलाइन स्टॉक में इसकी एंट्री नहीं हुई।

# तीन दिवसीय ऐरण महोत्सव का आज से होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना





मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा आयोजित 3 दिवसीय ऐरण महोत्सव का आयोजन आज से प्रारंभ होगा। जो 14, 15 एवं 16 जनवरी को प्रतिदिन शाम 5 बजे से श्री नरसिंह मंदिर परिसर ऐरण में आयोजित किया जाएगा। 3 दिवसीय ऐरण महोत्सव के दौरान जिला एवं अन्य जिलों से आए कलाकारों के द्वारा भजन, बधाई नृत्य, राई, लोक नृत्य, लोक गायन, कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

पहले दिवस की प्रस्तुति 14 जनवरी को गोविंद सिंह यादव एवं साथी गंजबासौदा के द्वारा राई नृत्य, जितेंद्र श्रीवास्तव एवं साथी सागर के द्वारा बधाई नृत्य, दीपशिखा मंच दतिया के द्वारा नाट्य प्रस्तुति हरदौल एवं भजन सम्राट शहनाज अख्तर सिवनी द्वारा भजनों की प्रस्तुत दी जाएगी। 15 जनवरी को दशरथ लाल परोची गुना के द्वारा भजन गायन, नीलम तिवारी एवं साथी छतरपुर के द्वारा लोक गायन, नवधा कथकालय भोपाल द्वारा नृत्यनाटिका, परमानंद केवट एवं साथी सरोज ढिमरयाई नृत्य एवं लोकगीत गायक जित्तू खरे एवं साथी सागर के द्वारा लोक गायन की प्रस्तुति जाएगी। इसी तरह 16 जनवरी को ममता देवी एवं साथी राजस्थान के द्वारा चकरी नृत्य, विनती जैन एवं साथी उज्जैन मालवी लोक नृत्य, अर्चना कोटाय एवं साथी झांसी के द्वारा लोक गायन एवं भजन गायक संजू बघेल एवं ग्रुप जबलपुर के द्वारा भजनों की प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा।

## दो मुद्दों पर सदस्यों के बीच हुई बहस

# जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



सोमवार को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के अध्यक्ष अजयप्रताप यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के सीईओं राजेश जैन और सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में कईं मुददों पर चर्चा भी हुई तो दो मुददों पर बहस भी होती देखी गई।

जब जिला पंचायत के विषय क्रमांक 20 में प्रश्न जिला पंचायत सदस्य बाईसाहब यादव ने पूर्व में सदन को अवगत कराकर ग्राम पंचायत खानपुर के विकलांग हितग्राही को ट्राई साइकिल प्रदान किए जाने हेतु कहा था उप संचालक सामाजिक न्याय ने इस पर जबाव देते हुए जब सदन को अवगत कराया कि दिव्यागों के लिए चिन्हांकित सामग्री उपलब्ध हो गई है कुछ सामग्री उपलब्ध होना हैं परन्तु महाराज साहब के फोन आने के कारण अभी यह सामग्री वितरण नहीं की गई है। जब शिविरों का आयोजन होगा तब होगी। इस बीच जिला पंचायत के सदस्य एवं कांग्रेस नेता यादवेन्द्र सिह यादव ने कहा कि कौन महाराज जिनके कारण दिव्यागों को सामग्री वितरित नहीं की जा रही, क्या वह 6 माह नहीं आएगे तो क्या 6 माह तक दिव्यागों को सामग्री वितरित नहीं की जाएगी। इसी बीच जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है जो सामग्री आई है वह कंपनियों द्वारा असंबल नहीं की गई। दिव्यागों को सामग्री प्रदान करने से पूर्व सामग्री का उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

इसी दौरान ग्राम पंचायत मोहरी राय में लग रहे पशु हाट बाजार को लेकर भी बहस होती हुई देखी गई। कईं सदस्यों का कहना था कि ग्राम पंचायत में लगने वाले पशु हाट बाजार से प्राप्त राजस्व पंचायत को ही मिलना चाहिए। तब नगरपालिका द्वारा राजस्व कैसे प्राप्त किया जा रहा है, नगरपालिका से आए प्रतिनिधि ने जबाव से संतुष्ट नहीं होने पर जिला पंचायत के सीईओ ने कहा कि इसका जबाव देने के लिए नगरपालिका के सीएमओ को स्वयं आना चाहिए था।

## सोशल मीडिया से हुई दोस्ती फिर हुआ दोनों लड़कियों में प्यार

# प्यार में इतनी दीवानी की जेंडर ही चेंज करवा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

**अपने प्यार को पाने के लिए चार साल की दिन रात मेहनत, पैसे जुटाए और फिर नैन्शु ने अपना जेन्डर चेंज करवाकर बनी नमन**





कस्बे से मात्र चार किलो मीटर दूर ग्राम बरखेड़ा में अजीबो गरीब वाकया सामने आया है। बरखेड़ा पिपरई निवासी नैन्शु उम्र 25 वर्ष बचपन से ही लड़के जैसे शोक पहनावा भी लड़कों जैसा ही पसंद था। सोशल मीडिया पर एक ग्रुप में फ्रेंडशिप अनीता रेजवार से होती है। देखते ही देखते यह दोस्ती धीरे धीरे दीवानगी में बदल जाती है ओर दोनों ही एक दूसरे से बिल्कुल अलग नहीं रहना चाहते थे। जिसके बाद नैन्शु ने अपना जेन्डर चैंज करवाकर और अब वह नमन सूर्यवंशी बन गया है।

नैन्शू ने बताया कि अनीता से मुलाकात के बाद वह अपने आप को रोक नहीं पाई और असम अपने प्यार से मिलने पहुंच गई।ओर दोनों असम में चार दिन रहे। जब नैन्शु ने अनीता को बताया कि में तुमसे प्यार करने लगी हूं। तब अनीता ने कहा यह संभव नहीं है अपन दोनों लड़की हैं और मेरे परिवार वाले राजी नहीं होंगे। तब दोनों ने एकबार फिर सोशल मीडिया का सहारा लिया और उस पर अपना जेंडर चेंज करवाने का मन में आया ओर रिसर्च किया। डाक्टर से अप्वाइमेंट लिया तब दोनों ही असम से घर से भाग कर डाक्टर के पास पहुंचे और डाक्टर ने बताया कि आपके जेंडर चेंज करने में पांच लाख का आपरेशन ओर एक लाख दवाई खर्च होगा।

दोनों ही अत्यंत गरीब परिवार से होने के कारण इतना पैसा कैसे जुटा पाएं। पर प्यार की दीवानी हद से ज्यादा गुजर चुकी थी और दोनों ने अपने प्यार को पाने के लिए ठाना कि हम पैसा इकठ्ठा करेंगे और काम की तलाश में इंदौर पहुंच गए। नैन्शू अहिरवार पड़ी लिखी थी उसने एम.ए और कम्प्यूटर में पीजीडीसीए किया हुआ था उसको ज्यादा परेशानी नहीं हुई ओर प्रायवेट बैंक में नौकरी मिल गई। अनीता आठवीं तक ही पढ़ी थी पर प्यार का जुनून हावी था। उसको भी एक प्रायवेट कंपनी में जॉब मिल गई ओर दोनों ने दिन रात मेहनत कर चार साल में पैसे इकठ्ठा किए और दिल्ली पहुंचकर नैन्शू ने अपनी सर्जरी करवाई और वह अब नमन सूर्यवंशी बन गया। अभी दोनों ही ग्राम बरखेड़ा में हे ओर वह जल्दी ही शादी के बंधन में बंधेंगे। नमन सूर्यवंशी ने बताया कि जैसे ही परिवार वालों को जानकारी लगी तो पहले बहुत गुस्सा हुए। पर मेरी बड़ी वहीं नीतू ने बहुत साथ दिया और सर्जरी के समय भी साथ रही। अब परिवार वालों को हमने पूर्ण रूप से मना लिया। अब सब खुश हैं।

### इनका कहना है

नैन्शू से बनी नमन सूर्यवंशी ने कहा कि मेरे घर वालों में सिर्फ अभी मेरी दीदी को बता दिया है। उन्होंने भी विरोध किया पर वह मान गई। मैं नमन से बहुत प्यार करती हूं ओर हम दोनों एक दूसरे के बिना नहीं रह सकते ओर हम डॉक्यूमेंट तैयार कर रहे हैं, जल्दी कोर्ट मैरिज करेंगे।

**अनीता रैजवार**

जब हमने सुना तो सब बहुत नारज हुए, पर किसी के भी माता पिता हों अपनी औलाद की खुशी में ही अपनी खुशी मानते हैं। उनको मैने समझाया तो सब मान गए है मम्मी को एक बेटा ओर बहू मिल गए,मुझे एक भाई और भाभी मिल गए।

**नमन** की बड़ी बहन नीतू।